कश्मीर की स्थिति के संबंध में विपक्षी संसद सदस्यों द्वारा ज्ञापन

855. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि श्री राजीव गांधी के नेतृत्व में विपक्षी संसद सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा कश्मीर की वर्तमान स्थिति के संबंध में 29 मार्च, 1990 को राष्ट्रपति को दिये गये ज्ञापन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : 29 मार्च 1990 को विपक्षी सदस्यों द्वारा राष्ट्रपति को प्रस्तुत किए गए ज्ञापन में व्यक्त की गई चिन्ता को सरकार ने नोट कर लिया है। घाटी में आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियों को रोकने तथा उनमें कमी लाने तथा राज्य में शांति तथा सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सरकार द्वारा पहले ही उपाय शुरू कर दिए गए हैं।

पंजाब में जनमत संग्रह कराये जाने की मांग

856. **डा० रत्नाकर पांडेय :**
श्री कृष्णलाल शर्मा :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या श्री सिमरनजीत सिंह मान ने पंजाब में जनमत संग्रह कराये जाने की मांग की है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस मांग को राष्ट्रविरोधी करार देती है : यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : (क) और (ख) सरकार ने इस बारे में समाचार पत्रों में छपी कुछ खबरों को देखा है। इस प्रकार के कथनों से सामान्य हालात बहाल करने की प्रक्रिया में बाधा आती है तथा यह राष्ट्रीय हित में नहीं होता है।

Statehood to Delhi

857. SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Statehood with an Assembly was promised to Delhi;

(b) if so, the progress made in this regard as yet; and

(c) by when the elections to the Assembly and Municipal Corporation are likely to be held accordingly?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) to (c) The question of statehood for Delhi was examined by the Committee on Re-organisation of Delhi Set-up under the Chairmanship of Justice R. S. Sarkaria. The Committee submitted its report in December 1989 and the same is under consideration of the Government. Elections to the representative bodies in Delhi will be held after a final decision in the matter is taken and necessary action on legislative and procedural aspects are completed.

Steps to meet Nuclear threat to India

858. SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state the progress made in regard to meeting nuclear threat to India in case of war?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI I. K. GUJRAL): The security situation of India, particularly in the light of development in her neighbourhood, remains constantly under review. The Government of India will take appropriate measures to cope with all threats that may be posed to the nation's security.

हज यात्रियों के लिये सुविधायें

859. **डा० अबरार अहमद खान** : क्या विदेश मंत्री 21 मार्च, 1990 को